# कार्यालय अधिशासी अभियन्ता
## खण्ड कार्यालय, उ0 प्र0 जल निगम (ग्रामीण), मुरादाबाद

आशियाना फेस –1, निकट पानी की टंकी, मुरादाबाद–244001
☎(0591) 3511043 ✉ ee11_upjn_mbd@yahoo.co.in

पत्रांक 992 / ई० समा० पत्र / 15 दिनांक 4/05/2026

सेवा में

जिलाधिकारी,
मुरादाबाद।

विषय – ई–समाचार पत्र अमर उजाला में दिनांक 04.05.2026 को प्रकाशित खबर शीर्षक "जल जीवन मिशन पाइपलाइन बिछाने के बाद खोदी गईं सड़कें जस की तस" के सम्बन्ध मे

महोदय,

उपरोक्त विषयक ई–समाचार पत्र अमर उजाला में दिनांक 04.05.2026 को प्रकाशित खबर शीर्षक "जल जीवन मिशन पाइपलाइन बिछाने के बाद खोदी गईं सड़कें जस की तस" की अनुपालन आख्या निम्नानुसार है।

| क्र0सं0 | प्रकाशित खबर | अनुपालन आख्या |
|---|---|---|
| 1 | मुरादाबाद। जल जीवन मिशन के तहत पानी की पाइपलाइन बिछाने के लिए खोदी गई सड़कें जस की तस है। कहीं सड़कों पर पानी जमा है तो कहीं कीचड़ से गुजरना पड़ रहा है। सड़के टूटी होने के कारण लोगों को आवागमन में भी परेशानी हो रही है। बच्चे गिरकर घायल हो जाते हैं। साइकिल व बाइक सवार अक्सर हादसे का शिकार होते हैं। लोगों का कहना है कि खराब सड़कों के बारे में कई बार जिम्मेदारों तक सूचनाएं पहुंचाई गईं लेकिन उसका निदान नहीं हो सका है। अब तो सीएम ने भी जल जीवन मिशन के तहत खोदी गई सड़कों व गड्ढों को तत्काल भरने का सख्त निर्देश दिया है। | जल जीवन मिशन भारत सरकार की एक अत्यन्त महत्वपूर्ण योजना है, योजना का मुख्य उद्देश्य प्रदेश के ग्रामीण क्षेत्रों के समस्त घरों को ग्रामीण पाइप पेयजल योजनाओं से क्रियाशील गृह संयोजन (एफ0एच0टी0सी0) द्वारा क्लोरीनयुक्त शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराया जाना है, इस कार्य हेतु अधिशासी निदेशक, राज्य पेयजल एवं स्वच्छता मिशन, नमामि गंगे तथा ग्रामीण जलापूर्ति विभाग, लखनऊ के द्वारा जल जीवन मिशन (फेस–2 एवं 3) के अन्तर्गत जनपद मुरादाबाद के ग्रामीण क्षेत्रों में भूजल आधारित पाइप पेयजल योजनाओं के निर्माण एवं 10 वर्षो तक संचालन एवं रख–रखाव हेतु मै0 एल0सी0 इन्फ्रा को अनुबन्ध सं0 68/ई0डी0/20 20–21 के अन्तर्गत एवं मै0 एन0के0जी0 प्राइमस (जे0वी0), नई दिल्ली को अनुबन्ध सं0 11/ई0डी0/फेस–3/ 2021–22 के अन्तर्गत सूचीबद्ध किया गया है। जल जीवन मिशन फेस–2 एवं फेस–3 के अन्तर्गत स्वीकृत 603 नग ग्रामीण पेयजल योजनाओं में प्रस्तावित कार्यो के सापेक्ष 589 नग नलकूप बोरिंग कार्य पूर्ण, 4154 कि0मी0 वितरण प्रणाली के कार्य पूर्ण, 398 नग पम्प हाउस के कार्य पूर्ण, 170 नग उच्च जलाशय के कार्य पूर्ण, 227/53 नग सोलर सिस्टम अधिष्ठापन/विद्युत संयोजन के कार्य पूर्ण एवं 303831 नग पेयजल गृह संयोजन के कार्य पूर्ण किये जा चुके है। ग्रामीण पाइप पेयजल योजनाओं में वितरण प्रणाली बिछाने हेतु डिस्मेंटल की गयी सडको के सापेक्ष 80 प्रतिशत सड़को को पूर्व की भांति पुर्नस्थापित एवं शेष सड़कों को मोटरेबल करा दिया गया है।<br>वर्तमान में 251 नग राजस्व ग्रामों में उच्च जलाशय/डायरेक्ट पम्पिंग के माध्यम से निरन्तर शुद्ध पेयजल आपूर्ति की जा रही है। शेष ग्रामों में पेयजल योजनाओं के कार्य धनाभाव के कारण अत्यन्त धीमी गति से कराये जा रहे है, यू0पी0 सरकार और केंद्र सरकार के बीच एक एम0ओ0यू0 पर हस्ताक्षर किए गए हैं। धनावंटन उपरान्त फर्मो द्वारा योजनाओं के समस्त कार्यो को त्वरित गति से पूर्ण कराते हुये पेयजल आपूर्ति सुचारू करा दी जायेगी।<br>उक्त के अतिरिक्त यह भी अवगत कराना है कि जेजेएम फेस–3 के अन्तर्गत कार्यरत फर्म मै0 एन0के0जी0 प्राइसम द्वारा कराये जा रहे कार्यो की प्रगति नगण्य है, जिस हेतु इस खण्ड के पत्रांक 1565/एन0के0जी0/93 दिनांक 04.10.2024 तथा जिलाधिकारी महोदय के पत्रांक 1845/एन0के0जी0/89 दिनांक 22.08.2025 एवं पत्रांक 1846 /एन0के0जी0/90 दिनांक 22.08.2025 द्वारा फर्म को चेतावनी/नोटिस दिये गये हैं। जिलाधिकारी महोदय मुरादाबाद द्वारा अपने पत्रांक 1714 /एन0के0जी0/93 दिनांक 24.10.2024, पत्रांक 2009/ एन0के0जी0/198 दिनांक 16.12.2024 एवं पत्रांक **2949/ जेजेएम/163 दिनांक 24.12.2025** द्वारा फर्म के विरूद्ध अग्रिम आवश्यक कार्यवाही हेतु अधिशासी निदेशक, राज्य पेयजल एवं स्वच्छता मिशन, नमामि गंगे तथा ग्रामीण जलापूर्ति विभाग, लखनऊ से अनुरोध किया गया है। |
| 2 | **मसतल्लीपुर गांव में पाइपलाइन बिछाई पर नहीं की सड़कों की मरम्मत**<br>ठाकुरद्वारा। ग्राम पंचायत करनावाला खालसा के गांव मसतल्लीपुर में तीन वर्ष बाद भी जल जीवन मिशन का काम अधूरा है। गांव में 15 नवंबर 2021 से कार्य शुरू हुआ था। योजना के गांव में लगे नोटिस बोर्ड पर लिखा है कि इस योजना 152.29 लाख रुपए खर्च होने का एस्टीमेट है। योजना के अंतर्गत 150 किलो लीटर क्षमता का टैंक बनेगा और 119 घरों में पानी की आपूर्ति के लिए कनेक्शन दिए जाएंगे। पाइपल लाइन बिछाने के लिए गांव की सड़कें खोदी गईं लेकिन पाइपलाइन डालने के बाद अधिकांश सड़कों की मरम्मत नहीं की गई है। गांव के मोहम्मद शाहिल का कहना है कि अभी कई सड़कें क्षतिग्रस्त हैं। गांव के विशारत अली का कहना है कि जगह–जगह पाइपलाइन क्षतिग्रस्त है। पानी छोड़ने पर उसमें से पानी सड़क पर बहने लगता है। कीचड़ फैल जाता है। कई बार शिकायत की गई लेकिन कोई सुनवाई नहीं हुई। गांव के फाजल अली का कहना है कि पाइपलाइन डालने के लिए खोदी गईं सड़कों को ठीक नहीं किया है। कनेक्शन तो हुए हैं लेकिन नियमित पानी नहीं आता है। ग्राम पंचायत के प्रधान सूरज सिंह का कहना है कि अभी तक योजना पूरी नहीं हुई है। ग्राम पंचायत ने योजना को हैंडओवर करने से मना कर दिया है। योजना में बने टैंक का निर्माण भी अधूरा है। नलकूप का निर्माण हो गया है लेकिन उसके बोरिंग से कभी–कभी पाइपलाइन में पानी की आपूर्ति की जाती है। घरों में पानी भी नहीं पहुंच पाता है। | प्रकाशित खबर में उल्लेखित ग्रामों की यथास्थिति निम्नानुसार है।<br>**ग्राम मसतल्लीपुर** जल जीवन मिशन फेस–2 के अन्तर्गत चयनित है तथा योजना के कार्य राज्य पेयजल एवं स्वच्छता मिशन, लखनऊ द्वारा आंवटित फर्म मै0 एल0सी0 इन्फ्रा द्वारा कराये जा रहे है। योजनान्तर्गत पम्प हाउस व बाउण्ड्री वॉल के कार्य पूर्ण, उच्च जलाशय के कार्य लगभग 37 प्रतिशत पूर्ण तथा वितरण प्रणाली बिछाने कार्य 95 प्रतिशत पूर्ण है। वितरण प्रणाली बिछाने हेतु डिस्मेंटल की गयी सडको को पुर्नस्थापित करा दिया गया है। |
| 3 | ठाकुरद्वारा जल जीवन मिशन के अंतर्गत क्षेत्र में पाइपलाइन बिछाने के लिए ठाकुरद्वारा ब्लॉक की 74 ग्राम पंचायत में काम हुआ। अभी तक अधिकांश खोदी गईं सड़कों की मरम्मत नहीं हुई है। गांव लौंगीकला, बादरझल्ला, भरतावाला, असलमपुर, कालेवाला, माधोवाला सदी में खोदी | प्रकाशित खबर में उल्लेखित ग्रामों की यथास्थिति निम्नानुसार है।<br>ग्राम बादरझल्ला, लौंगीकला ग्रामीण पेयजल योजना से आच्छादित है योजना जल जीवन मिशन फेस–3 के अन्तर्गत चयनित है तथा |

| | | |
|---|---|---|
| | आवरहेड टैंक बनाने का नीचे का फाउंडेशन बनाने के लिए लगभग दो साल पहले काफी गहरा और चौड़ा गड्ढा खोद दिया गया। | |
| 5 | छजलैट ब्लॉक के डेहरा में भी खोदाई के बाद ऐसे ही छोड़ दिए गए रास्ते<br>कांठ। विकास खंड छजलैट के गांव डेहरा में जल जीवन मिशन के अंतर्गत खोदे गए रास्ते एक साल से ऐसे ही पड़े हैं। ठेकेदार लाइन बिछाने का काम भी अधूरा छोड गया। खोदे गए रास्तों की मरमम्त भी नहीं कि गई। ग्रामीण ठोकरें खाने को विवश हैं। रविवार को गांव के निपेंद्र सिंह, सुमन, इंद्र, तेजपाल और योगेश ने बताया कि डेढ़ साल पहले यहां योजना के ठेकेदार ने रास्तों की तेजी से खुदाई की थी। कुछ जगह ही पाइप दबाए गए। बाकी को ऐसे ही छोड़ दिया। उन्होंने बताया कि एक साल पहले रास्तों को बिना मरम्मत किए छोड़ दिया गया। ग्रामीणों ने बताया कि ज्यादातर रास्तों को खुद उन्होंने भरा है। ग्रामीणों ने नाराजगी जताते हुए कहा कि एक साल पहले खोदे गए रास्ते यूं ही छोड़ दिए थे। खोदाई से उबड़–खाबड़ हुए रास्तों से आना–जाना मुश्किल हो गया है। उनके गांव में न टैंक बना है और न ही पानी की आपूर्ति ही हुई बस रास्तों को खराब कर दिया गया।<br>वहीं विकास खंड छजलैट के गांव मधपुरी इनायतपुरी में जल जीवन मिशन के तहत भूमिगत वाटर पाइप लाइन को खोदे गए गांव के कई प्रमुख रास्ते मरम्मत किए बिना ऐसे ही छोड दिए गए। रविवार को गांव के वीरबल सिंह, रामगोपाल, महेश, भारत सिंह ने बताया कि डेढ साल पहले संबंधित ठेकेदार ने पाइप लाइन दबाने को गांव के कई खास रास्तों को खोदा था। एक साल पहले मरम्मत किए बिना रास्तों को ऐसे ही छोड़ दिया। उबड़–खाबड़ रास्तों से ग्रामीणों के साथ पशुओं को भी आने जाने में परेशानी होती है। | प्रकाशित खबर में उल्लेखित ग्रामों की यथास्थिति निम्नानुसार है।<br>**डेहरा ग्रामीण पाइप पेयजल योजना** जल जीवन मिशन फेस–3 के अन्तर्गत चयनित है। उक्त योजना के कार्य राज्य पेयजल एव स्वच्छता मिशन, लखनऊ द्वारा आंवटित फर्म मै0 एन0के0जी0 प्राइमस द्वारा कराये जा रहे है। योजनान्तर्गत वितरण प्रणाली बिछाने एवं उच्च जलाशय के कार्य लगभग 40 प्रतिशत पूर्ण है। पाइप लाइन बिछाने हेतु डिस्मेंटल की गयी सड़को को मोटरेबल करा दिया गया है। वर्तमान में धनाभाव के कारण योजना के कार्य बाधित है, यू0पी0 सरकार और केंद्र सरकार के बीच एक एम0ओ0यू0 पर हस्ताक्षर किए गए हैं। धनावंटन उपरान्त फर्म द्वारा योजना के शेष कार्य पूर्ण करा दिये जायेगें।<br>**मधुपुरी इनायतपुरी ग्रामीण पाइप पेयजल योजना** जल जीवन मिशन फेस–3 के अन्तर्गत चयनित है। उक्त योजना के कार्य राज्य पेयजल एवं स्वच्छता मिशन, लखनऊ द्वारा आंवटित फर्म मै0 एन0के0जी0 प्राइमस द्वारा कराये जा रहे है। योजनान्तर्गत पम्प हाउस, वितरण प्रणाली बिछाने के कार्य लगभग 60 प्रतिशत पूर्ण है। पाइप लाइन बिछाने हेतु डिस्मेंटल की गयी सडको को मोटरेबल करा दिया गया है। वर्तमान में धनाभाव के कारण योजना के कार्य बाधित है, यू0पी0 सरकार और केंद्र सरकार के बीच एक एम0ओ0यू0 पर हस्ताक्षर किए गए हैं। धनावंटन उपरान्त फर्म द्वारा योजना के शेष कार्य पूर्ण करा दिये जायेगें। |
| 6 | छजलैट ब्लॉक के सादकपुर खिचड़ी में ओवरहेड टैंक अधूरा, नहीं मिलता पीने का पानी<br>कांठ। विकास खंड छजलैट की ग्राम पंचायत सादकपुर मलूकपुर उर्फ खिचड़ी के गांव बिलायत नगर, किरतपुरी और सादकपुर खिचड़ी के ग्रामीणों को नमामि गंगे ग्रामीण जलापूर्ति, जल जीवन मिशन के तहत पीने का साफ पानी उपलब्ध कराने के लिए 249.77 लाख की लागत से 2023 में काम शुरू हुआ था। गांवों में पाइप लाइन बिछाई गई, कुछ घरों में टोंटी भी लगी है। नलकूप, चार दीवारी और सौर ऊर्जा सिस्टम भी लगा है। लेकिन ओवरहेड टैंक का निर्माण कार्य पिलर बनाने के बाद अधूरा छोड़ दिया। यहां अभी तक ओवरहेड टैंक नहीं बनाया गया। ग्रामीणों के अनुसार अब पिछले एक साल से काम बंद है। नलकूप को डायरेक्ट पाइप लाइन से जोडकर केवल सादकपुर में कुछ दिन पानी की आपूर्ति भी की गई। रविवार को गांव के कुंवरपाल, पूनम और दीपचंद ने बताया कि ओवरहेड टैंक नहीं बनाया गया। सादकपुर मलूकपुर उर्फ खिचडी की ग्राम प्रधान हेमलता के बेटे योगेश्वर सिंह ने बताया कि पिलर बनाकर एक साल पहले ओवरहेड टैंक का काम बंद कर दिया गया, टैंक बनाया ही नहीं गया है। उन्होंने बताया कि किरतपुरी और बिलायत नगर में वाटर पाइप लाइन का काम भी पूरा नहीं है। | **प्रकाशित खबर में उल्लेखित ग्राम सादकपुर मलूकपुर उर्फ खिचडी की यथास्थिति निम्नानुसार है।**<br>**सादकपुर खिचड़ी ग्रामीण पाइप पेयजल योजना** जल जीवन मिशन फेस–3 के अन्तर्गत चयनित है। उक्त योजना के कार्य राज्य पेयजल एवं स्वच्छता मिशन, लखनऊ द्वारा आंवटित फर्म मै0 एन0के0जी0 प्राइमस द्वारा कराये जा रहे है। योजनान्तर्गत वितरण प्रणाली बिछाने इत्यादि के कार्य लगभग 70 प्रतिशत पूर्ण तथा उच्च जलाशय के कार्य लगभग 40 प्रतिशत पूर्ण है। पाइप लाइन बिछाने हेतु डिस्मेंटल की गयी सड़को के पुर्नस्थापना के कार्य लगभग 60 प्रतिशत पूर्ण है। वर्तमान में धनाभाव के कारण योजना के कार्य बाधित है, यू0पी0 सरकार और केंद्र सरकार के बीच एक एम0ओ0यू0 पर हस्ताक्षर किए गए हैं। धनावंटन उपरान्त फर्म द्वारा योजना के शेष कार्य पूर्ण करा दिये जायेगें। |
| 7 | काजीपुरा में संकरी गलियों से रात में लगतीं हैं ठोकरें<br>कुंदरकी। जल जीवन मिशन के तहत कुंदरकी ब्लॉक की ग्राम पंचायत तेवर पट्टी उर्फ काजीपुरा में करीब तीन साल पहले ओवरहेड वाटर टैंक, नलकूप निर्माण और हर घर जल पहुंचने के लिए भूमिगत वाटर पाइप लाइन बिछाई गई थी। पहले से ही निर्देश थे कि भूमिगत वाटर पाइप लाइन बिछाने के बाद सड़क के गड्ढों को तत्काल पाटा जाए लेकिन अधिकांश गांवों में ऐसा नहीं हुआ जिससे ग्रामीणों के आवागमन में दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। तेवर पट्टी उर्फ काजीपुरा में कई रास्तों समेत अनेक संकरी गलियों की हालत ज्यादा खस्ता नजर आई। गांव निवासी धाम सिंह ने बताया कि भूमिगत वाटर पाइप लाइन बिछाने के बाद अनेक रास्तों को सही नहीं किया है जिससे परेशानी उठानी पड़ रही है। वहीं धर्मपाल सिंह का कहना है कि इन उबड़ खबड़ रास्तों से रात के समय गुजरने पर ठोकरें लगती हैं और छोटे बच्चों अक्सर गिरकर चोटिल तक हो जाते हैं लेकिन समस्या पर कोई ध्यान नहीं दे रहा। उधर मनीषा, राजवती, मोहन वाला आदि महिलाओं का कहना था कि उनके मोहल्ले के सभी बदहाल रास्तों को तत्काल ठीक कराया जाए। | **प्रकाशित खबर में उल्लेखित ग्राम काजीपुरा की यथास्थिति निम्नानुसार है।**<br>**काजीपुरा ग्रामीण पाइप पेयजल योजना** जल जीवन मिशन फेस–2 के अन्तर्गत चयनित है। उक्त योजना के कार्य राज्य पेयजल एवं स्वच्छता मिशन, लखनऊ द्वारा आंवटित फर्म मै0 एल0सी0इन्फ्रा प्राइमस द्वारा कराये जा रहे है। योजना के समस्त कार्य पूर्ण है, योजना में पाइप लाइन बिछाने हेतु डिस्मेंटल की गयी सड़को को पुर्नस्थापित करा दिया गया है। वर्तमान में योजना मे निरन्तर शुद्ध क्लोरीनयुक्त पेयजल आपूर्ति की जा रही है। |

भवदीय

अधिशासी अभियन्ता

पृ0सं0 एवं दिनांक उपरोक्तानुसार :–

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सादर सूचनार्थ प्रेषित।

1. मुख्य अभियन्ता महोदय (ग्रामीण), उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), लखनऊ को सादर सूचनार्थ प्रेषित।
2. मुख्य अभियन्ता महोदय (मुरा0क्षे0), उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), मुरादाबाद को सादर सूचनार्थ प्रेषित।
3. अधीक्षण अभियन्ता महोदय, मण्डल कार्यालय, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), मुरादाबाद को सादर सूचनार्थ प्रेषित।
4. मुख्य विकास अधिकारी महोदया, मुरादाबाद को सादर सूचनार्थ प्रेषित।
5. जिला सूचना एवं जन सम्पर्क अधिकारी, मुरादाबाद को सूचनार्थ प्रेषित।
6. समस्त सहायक अभियन्ता/जूनियर इंजीनियर को इस निर्देश के साथ प्रेषित कि अग्रिम आवश्यक कार्यवाही करना सुनिश्चित करें।
7. प्रोजेक्ट हेड/निदेशक, एल0सी0 इन्फ्रा0 प्रोजेक्ट प्रा0लि0, मकान नं0–10/66 सेक्टर–10 फेस–2 एम0जी0आर0 रेस्टोरेंट के पास आवास विकास, बुद्धी विहार मुरादाबाद को इस निर्देश के साथ प्रेषित कि अग्रिम आवश्यक कार्यवाही कराना सुनिश्चित करें।
8. प्रोजेक्ट मेनेजर, मै0 एन0के0जी0 प्राइमस जे0वी0, मकान नं0 7बी/63 बुद्धि विहार फेस–2 सेंट मैरी स्कूल के पास, दिल्ली रोड, मुरादाबाद को इस निर्देश के साथ प्रेषित कि अग्रिम आवश्यक कार्यवाही कराना सुनिश्चित करें।

अधिशासी अभियन्ता